देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 12.01.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला मंगल दलों और युवक मंगल दलों को पुरस्कृत किया।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 18 हजार 146 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की।
- राजकीय दून मेडिकल कॉलेज और पंडित रामसुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज, रूद्रपुर में एक दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति को मंजूरी।
- जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत हरिद्वार और चमोली जिले की न्याय पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन।

राश्ट्रीय युवा दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर आज देहरादून में विभिन्न क्षेत्रों और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवक मंगल दल, महिला मंगल दल व प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारत की आध्यात्मिक शक्ति और सांस्कृतिक गौरव को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनका युवा शक्ति पर अटूट विश्वास था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार, युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

स्वामी विवेकानंद/अल्मोड़ा

अल्मोड़ा जिले में आज स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर अल्मोड़ा स्थित रामकृष्ण कुटीर में आयोजित जयंती समारोह में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित की गई। रामकृष्ण कुटीर द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित भाषण और निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। रामकृष्ण कुटीर के अध्यक्ष स्वामी धुर्वेशानंद महाराज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आज युवाओं को आत्मसात करने की आवश्यकता है, तभी देश आगे बढ़ेगा।

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के दसवें दीक्षांत समारोह में 18 हजार 146 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा स्तर की उपाधियाँ प्रदान की। जबकि छह शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की शैक्षिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा को घर–घर पहुँचाया है।

मुख्यमंत्री भेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और सांसद के बीच देश व राज्य से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में विकास, जनकल्याण और आपसी समन्वय से संबंधित मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया गया।

वि□शज्ञ चिकित्सक

प्रदेश सरकार ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज और पंडित रामसुमेर शुक्ल राजकीय मेडिकल कॉलेज, रूद्रपुर में विभिन्न संकायों में एक दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से जहां, मेडिकल कॉलेजों में संकाय सदस्यों की कमी दूर होगी, वहीं छात्र–छात्राओं को बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण मिलेगा। इसके अलावा कॉलेजों में शोधात्मक कार्यों को भी बढ़ावा मिलने के साथ ही सम्बद्ध अस्पतालों में मरीजों को और बेहतर उपचार मिल सकेगा। गौरतलब है कि प्रदेशभर के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में लगातार विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। इसके लिये सरकार ने हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में एक साक्षात्कार समिति का गठन किया है। समिति वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन कर रही है।

जन–जन की सरकार

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आज हरिद्वार जिले में नारसन विकासखण्ड की न्याय पंचायत ढढेरा में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने आम जनता की विभिन्न समस्याओं को सुना और कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने कहा कि अगले साल हरिद्वार में होने वाले अर्धकुंभ को डिजिटल कुंभ के रूप में आयोजित किया जाएगा।

बहुउद्देशीय शिविर

चमोली जिले की न्याय पंचायत सिमली में आज जिले के प्रभारी सचिव दीपेंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने 45 शिकायतें दर्ज करवाईं, जिनमें से 34 का जिलाधिकारी गौरव कुमार ने मौके पर निस्तारण किया। जबकि, अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। प्रभारी सचिव ने सिमली बेस अस्पताल को सुनियोजित तरीके से संचालित करने सहित ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।